पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल की अध्यक्षता में उ0प्र0 पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्था की बैठक सम्पन्न

———

राज्यपाल ने शहीद पुलिस कर्मियों के आश्रितों को दिए सहायता राशि के चेक

———

स्थायी रूप से अपंग घोषित उत्तर प्रदेश के पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज कर्मियों की एकमुश्त अनुग्रह धनराशि बढ़ाकर 7 लाख रू0 किया जाय

———

लाभार्थियों की लड़कियों की शादी के लिए अनुदान राशि बढ़ाकर ढाई लाख रूपये की जाए

———

शहीद कर्मी के परिवार और बच्चों को आत्मनिर्भर बनने तक पूरी मदद की जाए

———

शहीदों के बच्चों की शैक्षिक प्रगति का विवरण भी रखा जाए— श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———

लखनऊ : 13 अगस्त, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज यहां राजभवन स्थित सभाकक्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान लखनऊ की प्रबंध समिति की 38वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल जी ने उक्त बल के स्थायी रूप से अपंग घोषित कर्मियों को संस्थान द्वारा अब तक प्रदान की जाने वाली एकमुश्त अनुग्रह राशि रू0 6 लाख को बढ़ाकर रू0 7 लाख करने का निर्देश दिया। उन्होंने लाभार्थियों की लड़कियों की शादी के लिए संस्थान द्वारा दी जाने वाली राशि रू0 2 लाख में भी बढ़ोत्तरी करके रू0 2.5 लाख (ढाई लाख रू0) करने का निर्देश दिया।

राज्यपाल जी ने समिति की 37वीं बैठक में लिए गए निणर्यों के क्रियान्वयन का अनुश्रवण भी किया। उन्होंने समिति को निर्देश दिया कि शहीद कर्मी का सम्पूर्ण डाटा रखा जाए। उन्होंने कहा कि शहीद कर्मियों के परिवारों को निराश्रित स्थिति में न छोड़ा जाये। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मियों के परिवार के बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने में पूरी मदद की जाये।

शहीदों के बच्चों हेतु शिक्षा सहायता की समीक्षा करते हुए श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने निर्देश दिया कि उनकी शैक्षिक प्रगति का विवरण रखा जाए तथा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उनके व्यवसायिक प्रशिक्षण हेतु मद निर्धारण पर भी विचार किया जाय। उन्होंने कहा कि शहीदों के बच्चों हेतु खेल–कूद के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जाए।

राज्यपाल जी ने समिति को निर्देश दिया कि सहायता राशि का व्यापक सदुपयोग किया जाए। उन्होंने अपंग कर्मियों हेतु आर्टीफिशियल लिम्ब की व्यवस्था के निर्देश भी दिए। राज्यपाल जी ने वीरगति प्राप्त 38 लाभार्थियों को सहायता राशि की फिक्स डिपाजिट का प्रमाण–पत्र भी वितरित किया। कोरोना प्रोटोकाल के दृष्टिगत 4 आश्रित लाभार्थियों ने मौके पर राज्यपाल जी के कर कमलों से प्रमाण–पत्र प्राप्त किया। राज्यपाल जी ने आश्रित लाभार्थियों से उनकी समस्याएं पूछकर उनके निस्तारण का भी निर्देश दिया।

बैठक में संसदीय कार्य, वित्त एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश श्री राजेन्द्र कुमार तिवारी, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, अपर मुख्य सचिव वित्त श्रीमती एस0 राधा चौहान, प्रमुख सचिव वित्त श्री संजय कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री मुकुल गोयल, ब्रिगेडियर आर0के0 कटियार, समिति के सदस्य मेजर सुनील दत्त, श्री अरूण पाठक, मेजर जनरल (से0नि0) अभ्रध्वज परमार, डी0जी0पी0 (से0नि0) श्री सुबेश कुमार सिंह तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

———————

राजभवन (14/11)

राजभवन उत्तर प्रदेश